हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 2 मार्च 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 निर्गुणी गायन, काव्य संगम, वैचारिक विमर्श और मराठी...




07 टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक, 9...



## खबर संक्षेप

### मार्च में सभी अवकाश दिनों में बिजली बिल भुगतान केंद्र खुलेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 7 मार्च, 14 मार्च, 21 मार्च, 28 मार्च शनिवार एवं 1 मार्च, 8 मार्च, 15 मार्च, 22 मार्च, तथा 29 मार्च रविवार, 3 मार्च होली, 19 मार्च गुड़ी पड़वां, 20 मार्च जमात-उल-विदा/ ईद उल-फितर के ठीक पूर्व का दिवस/ रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस, 27 मार्च रामनवमीं तथा 31 मार्च महावीर जयंती को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ता राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

### भैरुंदा में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री कृषि शिवराज सिंह चौहान

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान बोले: विदिशा संसदीय क्षेत्र की सभी 8 विधानसभाओं को मिलेंगे हाईटेक चलित अस्पताल

### शिवराज सिंह चौहान ने जनता और कार्यकर्ताओं से पूछा क्या आप तैयार हैं कि इस बार की पूरी सांसद निधि इन चलित अस्पतालों के लिए दी जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा के लिए भैरुंदा से एक बड़ी सौगात की घोषणा की है। शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर भैरूंदा पहुंचे श्री चौहान ने कहा कि इस बार की सांसद निधि का पूरा उपयोग जनता के स्वास्थ्य की सेवा में किया जाएगा। उन्होंने संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में आधुनिक संसाधनों से लैस चलित अस्पताल 'हाइटेक एंबुलेंस' देने का निर्णय लिया है।

बता दें भैरूंदा के सर्वंगलम पैलेस में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ये चलित अस्पताल सप्ताह के अलग-अलग दिनों में विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे। एंबुलेंस में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, आधुनिक जांच मशीनें और उपकरण मौजूद रहेंगे। मरीजों का मौके पर ही चेकअप होगा, इलाज किया जाएगा और निशुल्क दवाइयां दी जाएंगी।

यदि किसी मरीज को गंभीर बीमारी पाई जाती है तो उसे आगे के इलाज के लिए बड़े अस्पतालों में रेफर करने की व्यवस्था भी इसी माध्यम से होगी। शिवराज सिंह चौहान ने जनता और कार्यकर्ताओं से पूछा क्या आप तैयार हैं कि इस बार की पूरी सांसद निधि इन चलित अस्पतालों के लिए दी जाए, जिस पर उपस्थित जनसमूह ने हाथ उठाकर अपनी सहमति दी।




#### कार्यकर्ताओं को दिया सेवा का मंत्र


भाजपा द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री ने संगठन की विचारधारा, सेवा भाव और अनुशासन पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाएं। कार्यक्रम में विधायक रामकांत भार्गव ने प्रशिक्षण को वैचारिक विकास का माध्यम बताया वहीं जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने जानकारी दी कि आगामी 11 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, रघुनाथ सिंह भाटी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लखन यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भैरूंदा, गोपालपुरए लाडकुई और चकल्दी मंडल के अध्यक्ष, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित मीणा ने किया और आभार प्रदर्शन भैरूंदा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने किया।

# जीवन त्याग, तपस्या और बलिदान का अद्वितीय उदाहरण तेजाजी महाराज : शिवराज

#### वचन निभाने की प्रेरणा देता है तेजाजी महाराज का जीवन

**भैरूंदा।** बाबा भैरव की नगरी भैरूंदा में शनिवार की सुबह आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के मुख्य इंदौर मार्ग निम्नागांव जोड़ स्थित डिवाइडर पर राजस्थान से मंगाई गई सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के करकमलों से संपन्न हुआ। जैसे ही प्रतिमा से आवरण हटाया गया, पूरा परिसर "वीर तेजाजी महाराज की जय" के जयघोष से गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों की थाप, पुष्पवर्षा और श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भैरूंदा की पावन भूमि पर सत्य और वचनबद्धता के प्रतीक वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण उनके लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि सत्य की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले वीर शिरोमणि तेजाजी महाराज की कीर्ति, साहस और धर्मनिष्ठा आज भी समाज को सही मार्ग दिखाती है। उनका जीवन त्याग, तपस्या और बलिदान का अद्वितीय उदाहरण है, जो मानवता को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने वीर तेजाजी महाराज की नागराज से निभाई गई वचनबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रसंग केवल लोकगाथा नहीं, बल्कि सत्य के लिए प्राणों की आहुति देने की अद्वितीय मिसाल है। "जिसने वचन दिया, उसे निभाने के लिए प्राणों की भी परवाह न की—ऐसा तेज, ऐसा तेजस्वी व्यक्तित्व इतिहास में विरले ही देखने को मिलता है," उन्होंने कहा। केंद्रीय मंत्री ने भावविभोर होकर तेजाजी महाराज के चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम अर्पित किए।



शिवराज सिंह चौहान ने जाट समाज की भूमिका की भी सराहना करते हुए कहा कि वीर तेजाजी महाराज ने जो सत्य, साहस और धर्म की ध्वजा समाज को सौंपी है, उसे जाट समाज पूरी निष्ठा से अक्षुण्ण बनाए हुए है। खेती की मेड़ हो या देश की सरहद, जाट समाज सदैव अडिग और अविचल खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि देश के अन्न भंडार भरने से लेकर सीमाओं की सुरक्षा तक, जाट समाज ने हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर राष्ट्रसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। "मैं संपूर्ण जाट समाज को नमन करता हूँ।

कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, तेजाजी महापंचायत बोर्ड के अध्यक्ष पप्पू गोरा, नर्मदा क्षेत्रीय जाट समाज के अध्यक्ष गणेश थारोल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्धजन, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच से वक्ताओं ने वीर तेजाजी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी गाथा लोकजीवन में सत्य और साहस की अमिट छाप छोड़ती है। नगर के निम्नागांव जोड़ पर स्थापित यह प्रतिमा अब भैरूंदा की नई पहचान बनेगी। जाट समाज के वरिष्ठ लोगों ने कहा यह चौराहा अब "तेजाजी धाम" के नाम से जाना जाएगा। इससे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को सामूहिक संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में ऐसा एक कार्य अवश्य करे, जिससे उसका जीवन राष्ट्र और समाज के लिए सार्थक बन सके। जयघोष, पुष्पांजलि और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



### धुलेंडी पर्व पर होगा आयोजन

# परंपरा : भक्त के घर होली खेलने आते हैं भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में वर्षों से अनूठी परंपरा चली आ रही है। इसके तहत भगवान श्री बांकेबिहारी अपने विमान (डोल) में विराजित होकर मंदिर से गाजे बाजे व भक्तों के साथ अपने भक्त के घर धुलेंडी पर्व की रात्रि को होली खेलने के लिए पहुचंते हैं। जहां पर भक्त का परिवार व अन्य लोगों द्वारा राधाकृष्ण के साथ हर्षोल्लास व उमंग के साथ फूलों व रंगों से होली खेली जाती है।

स्थानीय नाना बाजार स्थित नामदेव समाज के राधाकृष्ण मंदिर से प्राचीन परंपरा अनुसार धुलेंडी पर्व 4 मार्च को भगवान बांके बिहारी को सुसज्जित विमान में विराजित कर गाजे-बाजे के साथ जुलुस के रूप में भक्तगण निकलेंगे। जुलुस मार्ग पर अशोक मार्ग में स्थित श्रीराम मंदिर सेन समाज द्वारा ठाकुर जी की अगवानी कर जुलुस में शामिल भक्तों का स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान का यह जुलुस भजन-कीर्तन करते हुए चौक बाजार होते हुए पांडिया कॉलोनी स्थित पालीवाल परिवार के निवास स्थान पर पहुंचेगा। जहां पर परिवार के साथ नगरवासियों व भक्तों द्वारा ठाकुर जी पुष्पवर्षा के स्वागत किया जावेगा तथा ठाकुर जी के साथ होली खेलकर फाग उत्सव मनाया जावेगा। साथ ही भजन-कीर्तन का कार्यक्रम भी होगा जो पूरी रात्रि चलेगा। अगले दिन प्रातः ठाकुर जी पुनः अपने मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगें। ज्ञात रहे कि नगर का पालीवाल समाज का यह परिवार उक्त पुरानी परंपरा कर निर्वहन कई पीढ़ीयों से करता आ रहा है।





### स्वर्णकार समाज महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया फाग उत्सव

**नलखेड़ा।** श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मंडल जिला आगर मालवा द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर में महिलाओं द्वारा फाग उत्सव धूमधाम से मनाया गया। फाग उत्सव में सम्मलित आगर जिले की 100 से अधिक महिलाओं ने मंदिर की आकर्षक साज सज्जा कर श्री राधा कृष्ण की झांकी बनाकर फूलों और गुलाल से ठाकुर जी के संग होली खेल कर प्रभु की भक्ति के भजन का गायन किया।

### होली दहन को लेकर थाना परिसर में आयोजकों की बैठक आयोजित



**नलखेड़ा।** रविवार को स्थानीय पुलिस थाना परिसर में संयुक्त कलेक्टर कमल मंडलोई, तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव एवं थाना प्रभारी नागेश यादव की मौजूदगी में नगर के विभिन्न स्थानों पर होने वाले होली दहन के आयोजकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिकारियों ने आयोजकों से चर्चा कर शांति से त्योहार मनाने की समझाइश दी। जानकारी के अनुसार नगर में 17 स्थानों पर होली दहन होगा।

### गैस गीजर में हुए विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया

# धमाके से दो मंजिला मकान की छत गिरी, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

रविवार सुबह 10 से 11 बजे के बीच कानड़ के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित एक डबल मंजिला मकान में संभवतः गैस गीजर में हुए विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। घटना डॉक्टर जयप्रकाश सोनी के निजी मकान में हुई। धमाके की तेज आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। धमाके से घबराकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मकान की अंदरूनी व बाहरी दीवारों में दरारें पड़ गईं तथा छत का एक हिस्सा भरभराकर नीचे गिर गया। घर के अंदर लगा एसी, सीमेंट की बनी पानी की टंकी, कमरों में किया गया पीओपी कार्य, लकड़ी का फर्नीचर और गैलरी के कांच पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गैलरी और दीवार का मलबा सड़क तक फैल गया, जिससे कुछ समय तक आवागमन प्रभावित रहा। पास के एक अन्य मकान की छत को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है। दूसरी मंजिल पर हुए धमाके जिसने पक्की दीवार तक को गिरा दिया। गनीमत रही कि विस्फोट के समय कोई ऊपरी मंजिल पर नहीं था। राहत की बात यह रही कि किसी को खरोंच तक होने की सूचना नहीं मिली।



मकान मालिक राम सोनी ने बताया कि वे पहले ऊपर बने कमरे में रहते थे। जहां बाथरूम में गर्म पानी के लिए गैस गीजर लगा हुआ था। पिछले कई महीनों से वे उस कमरे का उपयोग नहीं कर रहे थे और नीचे ही रह रहे थे। उनका कहना है कि संभवत बंद पड़े कमरे में लगे गीजर से गैस रिसाव हुआ हो और उसी के कारण यह हादसा हुआ हो। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों में रखे बर्तन तक गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसे नियंत्रित करने पुलिस को सख्ती बरतनी पड़ी। मौके से मजदूरों ने मकान का मलबा भी हटाया।



### भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार पहुंचे मां के दरबार




**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम रविवार को मां बगलामुखी के दरबार में पहुंचे। जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर मंदिर परिसर में विशेष हवन अनुष्ठान भी किया। गौतम के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, मंडल महामंत्रीद्वय रितेश सोनी व बिरमलाल मालवीय सहित पार्टी के पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया।

### नेशनल लोक अदालत के प्रचार रथ रवाना

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथों को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथों द्वारा जिंगल्स, पम्पलेट्स एवं फ्लेक्स बैनरों के माध्यम से जिले के सभी ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### माहेश्वरी महिला मंडल भौरासा के चुनाव व शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**भौंरासा।** नगर मे रविवार को माहेश्वरी धर्मशाला में माहेश्वरी समाज महिला मंडल की एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें माहेश्वरी महिला मंडल भौरासा के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष के पद पर प्रेमलता लाहोटी एवं सचिव के पद पर विजया बजाज, उपाध्यक्ष के पद पर अर्पिता चिचाणी, कोषाध्यक्ष बृजबाला हेड़ा, सहसचिव संगीता लाहोटी, प्रचार प्रसार मंत्री सारिका मूंदड़ा चुनी गई। सभी पदाधिकारियों को देवास जिला महिला मंडल उपाध्यक्ष संध्या जाजू द्वारा शपथ दिलाई गई और उनके द्वारा सभी पदाधिकारीयो का स्वागत किया गया। इस अवसर पर समस्त माहेश्वरी समाज की सभी महिलाए उपस्थित थी। समाज की महिलाओं द्वारा द्वारा सभी नवागत माहेश्वरी समाज की महिला मंडल का स्वागत कर बधाई दी गई।

### शहीद भगतसिंह क्लब की प्रदर्शनी होगी आयोजित

**देवास।** होली के अवसर पर शहीद भगतसिंह क्लब द्वारा एक अनूठी रंगोली प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कल (2 मार्च 2026) शालिनी रोड स्थित स्वर्णकार धर्मशाला के सामने शाम 7 बजे से होगा। प्रख्यात चित्रकार मनोज पवार की कलात्मक रंगोलियां इसमें प्रदर्शित की जाएंगी। क्लब पिछले 15 वर्षों से इस परंपरा को निभा रहा है। चित्रकार मनोज पवार ने इस वर्ष धार्मिक, सामाजिक और प्राकृतिक विषयों पर आधारित रंगोलियां तैयार की हैं। इनमें भारतीय सौंदर्य (युवती), हिरण के बच्चे को दुलारती विश्नोई समाज की महिला, प्रभु श्रीराम की आराधना में लीन हनुमान जी, क्रोधित मां काली, शंकर भगवान पार्वती को महावर लगाते हुए, दृश्य चित्र, अमराई और भारतीय सिनेमा के ही-मैन धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देती कलात्मक रंगोली शामिल हैं। शहीद भगतसिंह क्लब के संयोजक अशोक कहार ने बताया कि शहर के कला प्रेमी इस प्रदर्शनी का वर्षभर इंतजार करते हैं। क्लब के सदस्यों ने देवास के सभी कला रसिकों से अनुरोध किया है कि वे 2 मार्च 2026 को होली के दिन शाम 7 बजे से आयोजित होगी।

### बृहन्महाराष्ट्र मंडल के 74वें अधिवेशन के दूसरे दिन बही संगीत, साहित्य और संस्कृति की सरिता

# निर्गुणी गायन, काव्य संगम, वैचारिक विमर्श और मराठी गौरव शोभायात्रा से देवास में सजी सांस्कृतिक संध्या




अधिवेशन का औपचारिक उद्घाटन पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन के मुख्य आतिथ्य में हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महाराष्ट्र समाज, देवास के आतिथ्य में आयोजित बृहन्महाराष्ट्र मंडल के 74वें वार्षिक अधिवेशन का द्वितीय दिवस शनिवार को कला, संस्कृति और वैचारिक विमर्श के नाम रहा। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों की भागीदारी से देवास में मानो लघु भारत का दृश्य साकार हो उठा।अधिवेशन के जनसंपर्क प्रभारी उदय टाकलकर, अतुल मद्धव और शिरीष खड़ीकर ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि दूसरे दिन की शुरुआत प्रातः 8 बजे मालवा की सुप्रसिद्ध निर्गुणी गायकी से हुई। भक्तिमय माहौल में हुए 'निर्मल निर्गुण' कार्यक्रम में पंडित कुमार गंधर्व की संगीत परंपरा को आगे बढ़ा रहे उनके पौत्र एवं पंडित मुकुल शिवपुत्र के सुपुत्र पंडित भुवनेश कोमकली ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी।

उनके शास्त्रीय गायन और निर्गुणी पदों ने उपस्थित श्रोताओं को आत्मिक शांति का अनुभव कराया।सुबह के सत्र में खरगोन के विद्वान व्याख्याता दिलीप कर्पे ने "श्री रामाच्या पाऊलवाटेवर..." विषय पर व्याख्यान देते हुए भगवान राम के जीवन के कई अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला।इसके बाद अधिवेशन का औपचारिक उद्घाटन पूर्व लोकसभा स्पीकर और इंदौर की नौ बार सांसद रह चुकीं सुमित्रा महाजन (ताई) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विख्यात रंगकर्मी अशोक समेळ, मंडल अध्यक्ष मिलिंद महाजन, प्रधान कार्यवाह दिलीप कुंभोजकर, उपाध्यक्ष शेखर आमीन, महाराष्ट्र समाज अध्यक्ष दीपक कर्पे और महिला उपाध्यक्ष पूनम कुलकर्णी मंचासीन रहे।अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर भोंसले कॉलोनी की छात्राओं ने मनमोहक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। महाराष्ट्र समाज, देवास की ओर से अतिथियों का स्वागत कार्यकारिणी सदस्य भूषण अत्रे, कार्याध्यक्ष उदय टाकलकर, कोषाध्यक्ष निलिंद म्हाडगुत और समाज प्रबंधक सदाशिव जोशी सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया।अपने उद्बोधन में सुमित्रा ताई ने अहिल्याबाई होलकर सहित समाज के लिए विशिष्ट कार्य करने वाली अनेक महिलाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक महाराष्ट्रीयन परिवार से कम से कम एक व्यक्ति समाज के लिए कुछ विशेष योगदान अवश्य दे।कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर देवास की लेखिका एवं कवि सुश्री ऋचा कर्पे की पुस्तक "शेवटी संवाद महत्वाचा" तथा पलाश सृजन द्वारा संकलित पुस्तक "मध्यप्रदेश की मराठी भाषी स्वयंसिद्धाएं" का विमोचन भी गरिमामयी समारोह में किया गया।दोपहर के सत्र में साहित्य प्रेमियों के लिए काव्य संगम का आयोजन हुआ। इस सत्र में उज्जैन के श्रेयस गोखले, इंदौर की अंतरा करवडे, देवास की ऋचा कर्पे और भोपाल के विवेक सावरीकर ने अपनी कविताओं के माध्यम से वर्तमान सामाजिक परिवेश और सांस्कृतिक मूल्यों को अभिव्यक्ति दी।

इसके साथ ही मुक्त संवाद सत्र में आकाशवाणी पणजी की श्रुति हजारे ने प्रसिद्ध रंगकर्मी अशोक समेळ और गीतकार स्वानंद किरकिरे के साथ रोचक बातचीत की। इस दौरान स्वानंद किरकिरे ने अपने फिल्मी सफर के अनुभव साझा किए, वहीं अशोक समेळ ने रंगमंच से जुड़े संस्मरण सुनाए।शाम 5 बजे अधिवेशन के दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण मराठी गौरव शोभायात्रा रही। यह भव्य शोभायात्रा मंडी व्यापारी धर्मशाला स्थित मुख्य अधिवेशन स्थल से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई महाराष्ट्र समाज, देवास पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।दिन का समापन आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर भक्तिरंग कार्यक्रम के साथ हुआ। महाराष्ट्र समाज, देवास के राजकवि गोविंदराव झोकरकर स्मृति सभागृह में आयोजित इस संगीतमय कार्यक्रम में मुंबई के युवा गायक और 'सुपरस्टार छोटे उस्ताद' के विजेता कुमार राजयोग धुरी ने अपनी गायकी का जादू बिखेरा। पंडित अजीत कडकड़े के सुशिष्य राजयोग धुरी ने संतों के अभंग, विराण्या और भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर पूरे सभागार को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।कार्यक्रम में हारमोनियम पर प्रवीण बांदकर, पखावज पर प्रथमेश तारळकर, तबला पर रामकृष्ण करंबेळकर और साइड रिदम पर निर्गुण खोचे ने संगत की।कार्यक्रम के प्रातःकालीन सत्र का संचालन प्रेरणा दीवान ने किया, जबकि अन्य सत्रों का संचालन समाज की सचिव वृषाली आप्टे ने किया। अंतिम कार्यक्रम का ओजस्वी और रसपूर्ण सूत्र संचालन दूरदर्शन पणजी की प्रसिद्ध निवेदिका श्रुति हजारे ने किया, जिनकी धाराप्रवाह मराठी भाषा और प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में समाज अध्यक्ष दीपक कर्पे ने आभार व्यक्त किया।

## बधावा में पारंपरिक उल्लास के साथ मना भगोरिया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ काटा फोड़

ग्राम बधावा में रविवार को आदिवासी अंचल का प्रसिद्ध भगोरिया पर्व पूरे उत्साह, उमंग और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। गांव में आकर्षक मेला भी लगा, जहां दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में आदिवासी समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। ढोल-मांदल की थाप पर युवक-युवतियों ने लोकनृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को उत्सवमय बना दिया।मेले में स्थानीय हस्तशिल्प, ग्रामीण उत्पादों और खान-पान की दुकानों पर भी लोगों की भारी भीड़ देखी गई। सुरक्षा और व्यवस्थाओं के बीच पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर समाजसेवी लेप सिंह पंवार ने बताया कि भगोरिया पर्व आदिवासी संस्कृति, परंपरा और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व होली से पूर्व उल्लास और सामाजिक मेल-मिलाप का अवसर प्रदान करता है।वहीं समाज सेविका टिंकी बारेला ने भगोरिया को लेकर फैल रही अफवाहों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि इस पर्व में किसी प्रकार की शादी नहीं होती है। बारेला ने कहा कि होली के आसपास आदिवासी समाज में विवाह नहीं किए जाते, इसलिए भगोरिया को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियां पूरी तरह निराधार हैं।कुल मिलाकर बधावा ग्राम में मनाया गया भगोरिया पर्व आदिवासी संस्कृति की समृद्ध परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बना।



## एसआई परमार की 38 साल बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, दी विदाई




**कांटा फोड़।** कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन की मिसाल रहे एसआई कैलाश परमार ने पुलिस विभाग में अपने 38 वर्षों की बेदाग सेवा पूर्ण कर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। उनकी निष्कलंक कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण को लेकर पुलिस महकमे में विशेष सम्मान रहा है।जिले के विभिन्न थानों पर अपनी सेवाएं देते हुए एसआई परमार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परमार ने पुलिस थाना कांटाफोड़ से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली। इस अवसर पर थाना स्टाफ एवं स्थानीय पत्रकारों द्वारा भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके योगदान को सराहा।फूल-मालाओं, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर एसआई परमार ने विभाग, वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस सेवा उनके जीवन का गौरवपूर्ण अध्याय रही है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा समाजहित के कार्यों से जुड़े रहेंगे।

## दुर्घटना से निपटने की तैयारी, मॉकड्रिल संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आदेशानुसार तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में शनिवार, 1 मार्च 2026 को मेडकी रोड स्थित मयूर उपवन, जिला देवास में बोरवेल दुर्घटना राहत एवं बचाव से संबंधित जिला स्तरीय मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मयूर उपवन परिसर में टेबल टॉप एक्सरसाइज से की गई, जिसमें संभावित आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली और समन्वय पर चर्चा की गई। इसके पश्चात स्थल पर वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप मॉकड्रिल का प्रदर्शन किया गया। मॉकड्रिल में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार देवास सपना शर्मा उपस्थित रहीं, जबकि विशेष अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मधु राजेश तिवारी ने सहभागिता की। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ एसडीईआरएफ, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम तथा सिविल डिफेंस के दलों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस अभ्यास में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय आमजन सहित लगभग 65 प्रतिभागी शामिल हुए। मॉकड्रिल का उद्देश्य बोरवेल दुर्घटना जैसी आपात स्थितियों में त्वरित एवं समन्वित राहत-बचाव कार्य सुनिश्चित करना तथा बेहतर तालमेल स्थापित करना रहा।

## पुलिस चौकी चापड़ा पर लंबे समय बाद हुई शांति समिति की बैठक में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पुलिस थाना बागली अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी चापडा पर लंबे अरसे बाद शनिवार के दिन शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सभी व्यापरीकरण एवं नगर के वरिष्ठ जन उपस्थित हुए। पुरानी चौकी भवन पर एसडीओपी सृष्टि भार्गव, थाना प्रभारी अभिनव शुक्ला, चौकी प्रभारी राकेश चौहान की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आगामी त्यौहारों को मध्य नजर रखते हुए बैठक आयोजित की गई। लंबे अरसे के बाद चौकी पर बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सभी नगर वासियों ने त्योहारों को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किये। वहीं आगामी होली, रंग पंचमी पर्व भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण रूप से मनाने की अपील की। 3 मार्च को नगर में भव्य सर्व समाज की निकलने वाली गैर व 4 मार्च को आयोजित होने वाले मेले में भी सभी नगरवासियों से सहयोग की अपेक्षा की अपील की गई। चौकी प्रभारी राकेश चौहान ने कहा कि त्योहार के दौरान जो भी शांति भंग करने का प्रयास करें करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी अभिनव शुक्ला ने सभी आमजन से अपील की है कि पुलिस प्रशासन का सहयोग करें यदि कोई त्यौहार के दौरान शांति भंग करने का प्रयास करता है तो उस की सूचना 112 व पुलिस को सूचना दे। आयोजित होने वाले मेले में यदि कोई माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स उपस्थित रहेगा। इस दौरान गंगाराम पाटीदार, प्रहलाद पाटीदार, मुबारिक मंसूरी, स्वतंत्र जैन,गोरव दुग्गड, गणेश पटेल,टोनी जैन, रवि पाटीदार उपस्थित रहे।

### यातायात दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने किया जिले का दौरा

# एसपी ने किया कन्नौद थाना व कलवार घाट क्षेत्र का निरीक्षण






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

यातायात दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा थाना कन्नौद क्षेत्र अंतर्गत कलवार घाट का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ग्रामीण, एसडीओपी कन्नौद, थाना प्रभारी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।कलवार घाट क्षेत्र में कन्नौद पुलिस के अभिप्रेरण एवं जनसहयोग से स्थापित सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क, साइनेज बोर्ड्स, चेतावनी संकेतक एवं स्पीड ब्रेकर्स का अवलोकन करते हुए पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्थाओं की सराहना की तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए। घाट क्षेत्र में स्थापित कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है, जिससे सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाया गया है। एसपी द्वारा कन्नौद थाना का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, रिकॉर्ड संधारण, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई।एएसपी ग्रामीण, एसडीओपी कन्नौद, थाना प्रभारी सहित समस्त स्टाफ के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने पुलिसिंग के परंपरागत एवं तकनीकी आयामों का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि अपराधों की रोकथाम हेतु प्रभावी बीट व्यवस्था एवं मुखबिर तंत्र को सुदृढ़ किया जाए। सीसीटीवी नेटवर्क एवं डिजिटल मॉनिटरिंग का विस्तार किया जाए। लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए और आमजन के साथ संवाद एवं जनसहयोग आधारित पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जाए। देवास पुलिस द्वारा "सुरक्षित सड़क–सुरक्षित समाज" के संकल्प के साथ आधुनिक तकनीक व पारंपरिक दक्षता के समन्वय से प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित की जा रही है।

## बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में हुई चोरी, पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के विकास नगर स्थित प्राधिकरण मार्केट में एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में बीती रात चोरी हो गई। चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। रविवार सुबह दुकान मालिक अरविंद शर्मा जब दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्हें ताले टूटे हुए मिले। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की।मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण सुराग जुटाए। प्रारंभिक जांच में दुकान के गल्ले से 1500 रुपये चोरी होने की जानकारी मिली है। हालांकि, चोरी हुए कुल माल का आकलन विस्तृत जांच के बाद ही हो पाएगा।पुलिस को बीती रात की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग हाथ नहीं लगी है। दुकान संचालक अरविंद शर्मा ने बताया कि उन्हें सुबह पड़ोसी दुकानदार ने शटर टूटी होने की सूचना दी थी। उनकी हार्डवेयर और बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पिछले 20 वर्षों से संचालित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2007 में भी उनकी दुकान में एक बार चोरी हुई थी।फिलहाल, पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### बस से उज्जैन जा रहे युवकों के साथ रास्ते में मारपीट

**ललितपुर।** थाना जखौरा के अंतर्गत ग्राम लागौन के पास बस से धार्मिक यात्रा पर जा रहे दो युवकों के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गांव के ही चार दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम नौहरखुर्द निवासी मोहित पुत्र अशोक सेन ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी 2026 की रात वह अपने साथी रामलखन के साथ बालाजी इंदौर बस सेवा द्वारा उज्जैन जा रहे थे। रात करीब 8.40 बजे जब बस ग्राम लागौन के पास पहुँची, तभी गांव के आकाश पुत्र प्रान सिंह लोधी, विपिन पुत्र रोशन, साहिल पाटकार पुत्र छोटेलाल और विजय पुत्र हरलाल वहां आए और मोहित को अकारण गालियां देने लगे। जब मोहित ने गाली देने का विरोध किया, तो चारों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मोहित के साथ यात्रा कर रहे रामलखन ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे भी पीटा और दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

### खेत पर चाचा के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम चक्क लालौन में खेत पर काम कर रहे एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और लाठी-डंडों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायल के भतीजे की तहरीर पर गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम चक्क लालौन निवासी सेबेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी 2026 की शाम करीब 4.30 बजे उनके चाचा महेन्द्र सिंह अपने खेत पर मौजूद थे। आरोप है कि तभी गांव का ही सुखसाब राजा पुत्र लक्ष्मन सिंह वहां आया और बिना किसी कारण के महेन्द्र सिंह को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। जब महेन्द्र सिंह ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार, मारपीट के दौरान महेन्द्र सिंह को शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आईं। हमला करने के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायल का इलाज वर्तमान में ललितपुर में चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी सुखसाब राजा के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### कहासुनी में मारपीट युवक घायल

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में मामूली कहासुनी के बाद हुई मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर एक युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह निवासी विन्द्रावन पुत्र शंकर रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 फरवरी 2026 को वह अपने घर के बाहर खड़ा था। उसी दौरान गांव के ही कुछ लोग वहां आए और पुरानी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। पीड़ित का आरोप है कि देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने उसे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना महरौनी में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### ट्रैक्टर ने टक्कर मारी युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम पारौल निवासी हरपाल पुत्र फूलचंद्र कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 फरवरी 2026 की रात करीब 10.40 बजे उनका पुत्र हेमंत अपने साथी पंकज के साथ मजदूर लेने ग्राम पठा गया था। लौटते समय ग्राम कुरौरा में मस्जिद के पास उनके दोस्त रामफल और अजय मिल गए।

---

होली व रमजान को लेकर डीएम ने धर्मगुरुओं-प्रबुद्धजनों के साथ शांति समिति की बैठक की

# जनपदवासी त्योहारों को आपसी सौहार्द्र और भाईचारे से मनाएं : जिलाधिकारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के धर्मप्रमुखों व प्रबुद्धजनों साथ शान्ति समिति की बैठक कर आमागी होली व रमजान त्योहारों को आपसी सौहार्द्र व भाईचारे के साथ मनाये जाने की अपील की। साथ ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को त्योहारों के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। कहा कि त्योहारों के दौरान अशान्ति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा पुलिस अधिकारी होलिका दहन हेतु चिन्हित स्थलों पर सतत निगरानी रखें, कोई भी अराजक तत्व उत्पात न मचाये। त्यौहार पूरी शान्ति व सौहार्द के साथ सम्पन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने अलग अलग क्षेत्रों में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी तैनात किये हैं जो प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखेगें। उन्होंने धर्मगुरुओं से अपील की कि ललितपुर में हमेशा आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाये जाते रहे हैं, इस वर्ष भी हमें इस परम्परा को कायम रखना है, आप सभी अपने-अपने लोगों तक प्रशासन का यह संदेश पहुंचाएं, साथ ही उन्हें समझाये कि त्यौहार के दौरान किसी भी तरह की अराजकता न हो। डीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि होली के दौरान कोई भी शराब पीकर हुरदंग न मचाये, इसके लिए प्रत्येक होली दहन स्थल पर पुलिस बल तैनात करें, साथ ही सोशल मीडिया पर भी गहन निगरानी रखें, यदि कोई धर्म, सम्पदाय या किसी विशेष वर्ग या व्यक्ति को लेकर भड़काऊ पोस्ट डालता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इसके अलावा डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्धारित मानक के अनुसार डीजे बजाने के निर्देश दिये जायें, यदि इसका उल्लंघन हो तो तत्काल प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि त्यौहारों के दौरान निर्बाध विद्युत व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए। साथ ही शराब बंदी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजन स्थलों पर पीस कमेटी की बैठकें कर लें, साथ ही अराजक तत्वों पर नजर रखें, यदि कोई त्यौहार में या सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाता है तो उससे सख्ती से निपटें। इसके अलावा सभी सार्वजनिक स्थलों पर चैंकिंग अभियान चलाएं। इस दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित परिवहन, विद्युत, आबकारी, जल संस्थान, स्वास्थ्य व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, प्रमुख धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

होली को लेकर गूगल मीटिंग

## एसपी ने तैयारियों की समीक्षा की, अलर्ट रहने के निर्देश दिए



होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर आयोजकों से समन्वय बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

आगामी होली पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीटिंग के माध्यम से जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना, शाखा, चौकी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसपी ने निर्देशित किया कि सभी क्षेत्राधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्व निर्धारित होलिका दहन स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर आयोजकों से समन्वय स्थापित करें।

होलिका दहन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं पोस्टर/क्लस्टर पार्टी की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए गए। त्यौहार के दौरान भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर एएस चेक टीम द्वारा सघन चैकिंग करने को कहा गया है। साथ ही जनपद की सभी पीआरवी को संवेदनशील स्थानों पर लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने स्पष्ट किया कि सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों में होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट सहित सार्वजनिक स्थानों पर नियमित चैकिंग सुनिश्चित करें। क्षेत्राधिकारियों की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठके आयोजित कर आयोजकों से संवाद स्थापित करने और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने को भी कहा गया। हॉटस्पॉट स्थलों को चिन्हित कर वहां पुलिस बल की तैनाती, होली मिलन समारोह एवं मेलों के स्थलों का निरीक्षण, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई तथा चिन्हित स्थानों पर फायर सर्विस की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए। बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए डीजे संचालकों के साथ बैठक कर कम ध्वनि में डीजे बजाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा अवैध एवं मिलावटी शराब के विरुद्ध अभियान चलाने तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए। अंत में एसपी ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए सतर्क रहने को कहा।

---

घायलों को ललितपुर रेफर किया

## घात लगाकर लाठी-डंडों से हमला, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम कुआघोषी में पुरानी रंजिश को लेकर घात लगाकर किए गए हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो लोगों ने एक व्यक्ति पर कुल्हाड़ी और डण्डों से हमला कर दिया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम कुआघोषी निवासी मनोहर सिंह पुत्र तुलाराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 फरवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे वह घर से गांव की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह मड़ावरा रोड स्थित आरोपियों के मकान के सामने पहुंचे, वहां पहले से घात लगाए बैठे बहादुर सिंह और यशवंत सिंह पुत्र स्व. अमोल सिंह ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे।

पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे जयपाल सिंह और उनकी पत्नी विनीता को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को पहले सीएचसी महरौनी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें ललितपुर रेफर किया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपी आगे भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

---

वामा सारथी का हेल्थ, फिटनेस कैंप लगा

## पुलिस कर्मियों ने स्वास्थ्य जांच कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) के तत्वावधान में फिजियोथेरेपिस्ट के सहयोग से पुलिस हेल्थ एण्ड फिटनेस अवेयरनेस कैम्प का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन तथा आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से संपन्न हुआ।

स्वास्थ्य, सुरक्षा और सहयोग वामा सारथी के साथ थीम पर आयोजित इस वामा वेलनेस कैम्प में पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श, योग एवं प्राणायाम सत्र, तनाव-नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्कशॉप, नाड़ी परीक्षण, हर्बल मेडिसिन वितरण तथा पुलिस कर्मियों के लिए विशेष हेल्थ चेकअप की सुविधाएं दी गईं। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। कैम्प में ललितपुर पुलिस के बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने कहा कि तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर बेहद लाभकारी साबित होते हैं। वामा सारथी टीम ने इस पहल को पुलिस परिवारों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि ऐसे वेलनेस कैम्प पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं। टीम ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि ललितपुर पुलिस के प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार को स्वस्थ, सशक्त और सुरक्षित रखा जा सके।

---

## होली पर मेडिकल कॉलेज में 24 घंटे अलर्ट

होली के त्योहार को देखते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला के निर्देशन में आमजन को 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। किसी भी अप्रिय घटना या आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल प्रशासन ने 20 अतिरिक्त बेड आरक्षित किए हैं। इसके साथ ही, इमरजेंसी की स्थिति में तत्काल उपचार सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों, सीनियर रेजिडेंट्स और जूनियर रेजिडेंट्स की ऑन-कॉल ड्यूटी भी लगाई गई है। चिकित्सालय प्रशासन ने आम जनता से सुरक्षित होली मनाने की अपील की है। प्रधानाचार्य ने सुझाव दिया है कि लोग केवल प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि केमिकल युक्त रंगों के इस्तेमाल से त्वचा और आंखों को गंभीर नुकसान पहुँच सकता है, इसलिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।

---

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने बनाई चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक, 9 से दूसरा चरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने बड़ा आंदोलन छेडने की तैयारी कर ली है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) के जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन की अध्यक्षता में बीआरसी जखौरा कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में शिक्षकों के हितों को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लेकर टीईटी अनिवार्यता पर गंभीर चिंता जताई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद समस्त शिक्षकों पर लागू की गई टीईटी अनिवार्यता से उत्पन्न स्थिति पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए आरटीई एक्ट से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दिलाने के लिए उच्च स्तरीय अधिवक्ताओं से संपर्क कर रही है और अनिवार्यता समाप्त कराने की रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आगामी आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। बैठक में एससी/एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्याम बिहारी, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुहम्मद मुनीर, टीएससीटी के जिला संयोजक आदर्श रावत, अटेवा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह यादव सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और आंदोलन को व्यापक समर्थन देने की बात कही। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, जिला मंत्री अनिल त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष जखौरा सत्येंद्र जैन, लखनलाल सेन, हरिश्चंद्र नामदेव, संजीव टडैया, हरिनारायण चौबे, इंदर सिंह पटेल, रामरक्षपाल सिंह, अरविंद सिंह राजपूत, राजेश साध, बाबू सिंह राठौर, आदर्श रावत, मु. असलम, मो. मुनीर, रामेंद्र सिंह यादव, ब्रजेश चौरसिया, राममिलन रजक, गौरीशंकर सेन, जितेंद्र जैन, स्वदेश भूषण, दयाशंकर रजक, पुष्पेंद्र जैन, संतोष कुशवाहा, महेंद्र पंथ, संदीप नामदेव, नीतेश निरंजन, अवधेश कुशवाहा, राजेश कुमार और राजेंद्र सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन रामरक्षपाल सिंह ने किया।

### आंदोलन के प्रमुख चरण

महासंघ द्वारा टीईटी अनिवार्यता के विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई है जिसमें प्रथम चरण (9-15 मार्च 2026), शिक्षक की पाती अभियान के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और नेता प्रतिपक्ष (राज्य व केन्द्र) को ई-मेल और पोस्टकार्ड भेजे जाएंगे। द्वितीय चरण (13 अप्रैल 2026)- जनपद मुख्यालय पर शिक्षकों का एकत्रीकरण कर मुख्य मार्गों से मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

---

## घर बुलाकर महिला के साथ अश्लील हरकत की पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना तालबेहट क्षेत्र में एक महिला को रात में बहाने से घर से बुलाकर अश्लील हरकत करने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कस्बा निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह एक ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत हैं। आरोप है कि 26 फरवरी 2026 की रात करीब 11.30 बजे नामजद व्यक्ति उनके घर आया और अपने छोटे भाई की पत्नी की प्रसव पीड़ा का हवाला देकर उन्हें सरकारी अस्पताल चलने को कहा। पीड़िता के मुताबिक, रिश्तेदारी के नाते वह आरोपी की मोटर साइकिल पर बैठकर चल दीं, लेकिन आरोपी उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय झांसी रोड की ओर ले गया और अपने बहनोई के घर के अंदर ले जाकर उनके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने और बाहर निकलने पर आरोपी ने पैसे का लालच दिया और फिर जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें रास्ते में उतार दिया। पीड़िता ने आशंका जताई है कि रोजाना नौकरी पर आने-जाने के दौरान उसके साथ कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

---

## रास्ता साफ करने पर विवाद, युवक पर हमला

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम बमहौरी बहादुर सिंह में रास्ता साफ करने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दबंगों ने एक व्यक्ति से गाली-गलौज करते हुए लाठी से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम बमहौरी बहादुर सिंह निवासी जगदीश पुत्र शंकर धोबी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 फरवरी 2026 को वह अपने खेत से ट्रैक्टर में भूसा लाकर घर के रास्ते पर उतार रहे थे। तभी उनका भतीजा वृंदावन वहां आया और रास्ता साफ करने को कहने लगा। पीड़ित का आरोप है कि थोड़ी देर में विक्रम और हेमंत भी मौके पर पहुंच गए और तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान विक्रम ने लाठी से जगदीश पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। आरोप है कि जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना महरौनी में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

---

## तेज रफ्तार बाइक ने बालक को टक्कर मारी, पैर टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना महरौनी के अंतर्गत ग्राम बम्हौरीघाट में एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल चालक की लापरवाही के कारण एक मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना 25 फरवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे की है, जब पीड़ित बालक अजीत अपने भाई लव के साथ नहर के पास कलारी की दुकान के किनारे खड़ा था। पीड़ित के पिता चन्द्रभान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसी समय गांव का ही निवासी भानसिंह पुत्र नाथूराम अपनी मोटर साइकिल (नंबर यू.पी. 94 एक्स 6617) को बेहद तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए आया। बाइक ने बालक अजीत को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इस दुर्घटना में बालक के बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं और पैर फ्रैक्चर हो गया। पीड़ित के अनुसार, दुर्घटना के बाद आरोपी भानसिंह मौके से फरार हो गया और घायल बच्चे के इलाज में कोई मदद नहीं की। पिता का आरोप है कि जब वह तीन बार आरोपी के घर बातचीत करने और इलाज के खर्च की मांग करने गए, तो आरोपी और उसके पिता नाथूराम ने दबंगई दिखाते हुए साफ मना कर दिया और अभद्र व्यवहार किया।

---

जिला पंचायत अध्यक्ष ने भजन संध्या व ऑर्केस्ट्रा का शुभारंभ किया

## शहीद चंद्र शेखर आजाद के बलिदान दिवस पर देश भक्ति गीतों से गूंजा कुम्हैड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महरौनी (ललितपुर)

तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हैड़ी में अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद का बलिदान दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन के दूसरे दिन, 28 फरवरी को भव्य भजन संध्या एवं ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों की प्रस्तुतियों ने समूचे क्षेत्र को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण एवं विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ ने फीता काटकर व शहीद की



प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा, ग्राम प्रधान राघवेन्द्र भौडेले, पूर्व प्रधान संजय भौडेले सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शहीदों की स्मृति में होने वाले ऐसे आयोजन समाज में नई ऊर्जा और देशभक्ति का संचार करते हैं। वहीं, राज्यमंत्री प्रतिनिधि ने स्वयं को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि शहीद आजाद की पावन स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा बनना गौरव की बात है। सागर से आए रंगोली भजन ऑर्केस्ट्रा के कलाकारों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद दिल दिया है जान भी देंगे और ऐ मेरे वतन के लोगों जैसे कालजयी गीतों की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। विशेष आकर्षण के रूप में राज्यमंत्री प्रतिनिधि ने भी मंच से दो राष्ट्रगीत गाकर जनसमूह का उत्साहवर्धन किया। पूरा परिसर आजाद अमर रहें के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति संस्थापक दिनेश विदुआ ने किया।

अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद सीरौठिया ने सभी अतिथियों, कलाकारों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान संरक्षक रामशरण दीक्षित, संजय रावत, नीरज चतुर्वेदी, शिवचरन निरंजन, प्रकाश निरंजन, नारायण राजा, सीताराम कुशवाहा, संजय मिश्रा, लक्ष्मीनारायण चौधरी, राजू विरथरे, रामभरत निरंजन, राहुल सरकनया, छोटू सेन, जानू नामदेव, बलराम कुशवाहा, महेन्द्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पूर्व आईएएस के नाम पर नौकरी लगवाने का झांसा


# नौकरी के नाम पर ठगी! आरोपी पर 1 करोड़ से ज्यादा हड़पने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी का सपना दिखाकर करोड़ों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी बंटी पर 1 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अलग-अलग युवाओं से लेने का आरोप है। वह खुद को ऊंचे राजनीतिक और प्रशासनिक संपर्कों वाला बताकर पूर्व आईएएस अधिकारी के नाम का हवाला देता था और मंत्रालय स्तर तक पहुंच होने का दावा करता था।

### 5 से 15 लाख की करता था वसूली

पीड़ित युवाओं के मुताबिक आरोपी उन्हें मंत्रालय और विभागीय अधिकारियों से सीधी सेटिंग का भरोसा दिलाता था। बदले में मोटी रकम लेकर नियुक्ति पत्र दिलाने का वादा करता। कई युवाओं से 5 लाख से लेकर 15 लाख रुपए तक की वसूली किए जाने की बात सामने आ रही है। कुछ मामलों में फर्जी नियुक्ति पत्र और जॉइनिंग से जुड़े दस्तावेज भी दिए गए, जो बाद में जांच में संदिग्ध पाए गए। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में कई मंत्रालय स्तर के अधिकारियों के नाम सामने आ सकते हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं यह पूरा नेटवर्क संगठित गिरोह के रूप में तो काम नहीं कर रहा था। जिले में इस मामले से हड़कंप मच गया है। बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियां सामने आने की तैयारी में हैं। यदि सभी पीड़ित सामने आते हैं तो ठगी की रकम और बढ़ सकती है। पुलिस बैंक खातों, कॉल डिटेल और दस्तावेजों की गहन जांच में जुटी है।






### ऐसे देता था नौकरी का झांसा

खुद को बड़े अधिकारियों का करीबी बताता था पूर्व आईएएस के नाम का लेता था सहारा मंत्रालय में सीधी पहुंच का करता था दावा।

**पुलिस जांच के घेरे में ये बिंदु**

- बैंक ट्रांजेक्शन और खातों की जांच
- कॉल रिकॉर्ड और चैटिंग की पड़ताल
- क्या किसी अधिकारी की मिलीभगत?
- और कितने बेरोजगार बने शिकार?

लाखों रुपये लेकर देता था फर्जी आश्वासन कुछ युवाओं को थमाए गए संदिग्ध नियुक्ति पत्र यह भी जांच का विषय हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में ठगी की पुष्टि के संकेत मिले हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं पीड़ितों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और राशि वापस दिलाने की मांग की है।

**इनका कहना है...**

हम जल्दी ही आरोपी से पूछताछ कर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।
मंजु मखानिया, टीआई राजगढ़

# पांच माह तक चला 21 सुंदरकांड पाठ जामनेर-शुजालपुर क्षेत्र में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर



ग्राम जामनेर में विजयादशमी के अवसर पर लिया गया 21 सुंदरकांड पाठ का संकल्प 28 फरवरी की रात्रि को पूर्ण हुआ। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार का पांच माह तक निरंतर चलने वाला संगठित आयोजन जामनेर ही नहीं, बल्कि शुजालपुर क्षेत्र के इतिहास में भी पहली बार संपन्न हुआ है। ग्राम निवासी एडवोकेट अमित मालवीय द्वारा प्रति शनिवार एवं मंगलवार ग्राम के विभिन्न मंदिरों में सुंदरकांड पाठ कराने का संकल्प लिया था। पांच माह तक चले इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में भक्ति, अनुशासन एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया।

अंतिम एवं मुख्य आयोजन मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जय सीताराम सुंदरकांड मंडली द्वारा सस्वर पाठ किया गया तथा संचालन छगनलाल धाकड़ (खेड़ा) व मनोहर विश्वकर्मा ने किया। भजन संध्या में भजन गायक कवि हुकमसिंह गुर्जर ने भगवान श्रीराम एवं भगवान देवनारायण के भजनों की प्रस्तुति दी। सहयोगी भजन गायक हरीश सोनी, गुलाब धाकड़, मनोहर धाकड़ (खेड़ी), मनोहर विश्वकर्मा, ओमप्रकाश पाटीदार एवं टोकखुर्द से आए सुनील बोडाना ने भी भक्तिमय वातावरण निर्मित किया।

कार्यक्रम में राज्य अभिभाषक संघ कैंपस चेयरमैन हाईकोर्ट जबलपुर राजेश व्यास, अखिल भारतीय अधिवक्ता मंच प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रचना नीरज जैन, काला पीपल जनपद पंचायत अध्यक्ष भोजराज परमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सागरसिंह परमार, पूर्व मार्केटिंग प्रबंधक एवं कांग्रेस नेता अचल सिंह मेवाड़ा, अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण समिति अध्यक्ष सुरेश मालवीय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तहसील कार्यवाहक हरिओम मेवाड़ा, बजरंग दल नगर कार्यवाहक सुनील मालवीय, श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना, जिला सचिव श्रमजीवी पत्रकार संघ दीपक सक्सेना, ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा, ब्लॉक महासचिव संतोष राजपूत, अभिभाषक शुजालपुर पुस्तकालय अध्यक्ष मांगीलाल परिहार, माखनसिंह दरबार एडवोकेट, गोविंदसिंह परमार एडवोकेट, एडवोकेट शैलेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश जोशी एडवोकेट, एडवोकेट राजेंद्रसिंह परमार , प्रशांत तिवारी एडवोकेट, माया अहिरवार एडवोकेट, लखन गोडीया एडवोकेट, पंचायत सचिव महेश शर्मा, युवा भाजपा नेता विशाल राजपूत, शिक्षक हरबानसिंह, शिक्षक धर्मसिंह मालवीय सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने संकल्प कर्ता एडवोकेट अमित मालवीय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पांच माह तक सतत 21 सुंदरकांड का आयोजन कर उसे पूर्णाहुति तक पहुंचाना सराहनीय एवं प्रेरणादायी कार्य है। वक्ताओं ने संकल्प सहयोगियों के समर्पण, सहयोग भावना और संगठनात्मक क्षमता की भी प्रशंसा करते हुए इसे क्षेत्र में धार्मिक जागरण की नई शुरुआत बताया। रात्रि 10 बजे से महाप्रसादी का आयोजन किया गया। भोजन व्यवस्था मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा की गई। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण धाकड़, सचिव जयंत सक्सेना, पिंटू गोयल, घनश्याम सोनी, सुनील गोयल एवं समस्त सदस्यों का सहयोग रहा।

# उड़न दस्ता प्रभारी की कार्रवाई लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली जब्त



**कुरावर।** उड़न दस्ता प्रभारी डीके भिलाला के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए लकड़ी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी अंसार पिता शाफिक खा (30) गांव ललोती का रहने वाला है, जिसे कुरावर में लकड़ी से भरे ट्रैक्टर-ट्राली के साथ पकड़ा गया। आरोपी के पास लकड़ी के कोई वैध कागजात नहीं मिले, जिसके बाद वन अमले ने मौके पर पंचनामा जप्तीनमा तैयार कर ट्रैक्टर-ट्राली और लकड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। यह कार्रवाई वन मंडल अधिकारी वेणीप्रसाद दौतानिया और उपवनअधिकारी दिनेश यादव के निर्देश पर की गई। इस कार्रवाई में वन क्षेत्रफल जीपी अरमा, वन क्षेत्रपाल रणजीत गुर्जर, वनपल महेश, वाहन चालक सुमेर सिंह गुर्जर और जितेन्द्र सिंह तंवर, चैकीदार बनेसिंह आदि शामिल थे।

## कई स्थानों पर दी दबिश

# अवैध मदिरा के खिलाफ अभियान में 6 प्रकरण दर्ज, 27 लीटर शराब जब्त की



**सारंगपुर।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर दबिश दी। यह कार्रवाई कलेक्टर राजगढ़ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में की गई। सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे के नेतृत्व में टीम द्वारा होटल, ढाबों एवं अन्य संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) एवं 36(I) के तहत कुल 6 प्रकरण कायम किए गए। कार्यवाही में 7 लीटर देशी मदिरा, 2 लीटर बीयर तथा 18 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। जब्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य 7,232 आंका गया है। इस अभियान में परीविक्षाधीन आबकारी आरक्षक इमरान खान एवं शिवम पचाई ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।


### हिंदू उत्सव समिति कुरावर की बैठक संपन्न, होली उत्सव की तैयारियों पर चर्चा

**कुरावर।** हिंदू उत्सव समिति कुरावर की बैठक शनिवार को अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला कुरावर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहार होली उत्सव और रंग पंचमी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 2 मार्च की रात्रि को होलिका दहन किया जाएगा, जबकि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के कारण होली का त्यौहार नहीं मनाया जाएगा। 4 मार्च को गैर और होली उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति ने निर्णय लिया है कि होली उत्सव में केवल केसरिया, गुलाबी रंग और गुलाल का ही प्रयोग किया जाएगा, जबकि हरा, काला जैसे रंगों का प्रयोग वर्जित रहेगा।रंग पंचमी पर एक विशाल जुलूस निकाला जाएगा, जो कुरावर गांव से खेड़ापति हनुमान मंदिर तक चल समारोह के रूप में निकाला जाएगा। जुलूस में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। समिति ने अपने सदस्यों से प्रति वर्ष 2100 का शुल्क जमा करने का आग्रह किया है, जिससे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके।

# कानफोड़ू डीजे किया जब्त संचालक पर एफआईआर

## प्रतिबंधात्मक आदेश की अवहेलना पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



बोर्ड सहित अन्य परीक्षाओं के मद्धेनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने विगत दिनों आदेश जारी करते हुए डीजे व अन्य स्पीकर आदि बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया हुआ है। विशेष परिस्थिति में अनुमति लेकर ही स्पीकर बजाए जा सकते हैं। कलेक्टर के आदेश के बावजूद अत्यधिक तेज साउन्ड व बूफर के साथ डीजे बजाने पर राजगढ़ में कार्यवाही हुई है। कोतवाली पुलिस ने डीजे जब्त करते हुए डीजे संचालक पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि पुरा मोहल्ले में संतोषी माता मंदिर के समीप रात्रि करीब 8.30 बजे एक डीजे अत्यधिक तेज आवाज में बजाया जा रहा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डीजे संचालक लोकेंद्र पिता रमेश मेवाड़े निवासी ग्राम पाटनकलां से इस संबंध में अनुमति के कागजात मांगे लेकिन वो कोई पेपर प्रस्तुत नहीं कर पाया। ऐसे में पुलिस टीम ने डीजे जब्ती में लेते हुए संचालक लोकेंद्र पर बीएनएस की धारा 223(ए) एवं 7/15 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विवचेना में लिया है।

# पुलिस थाना छापीहेड़ा में शांति समिति बैठक संपन्न

## होली व रंग पंचमी त्योहार को लेकर मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला



**छापीहेड़ा।** आगामी होली एवं रंग पंचमी त्योहार के चलते शांति समिति मीटिंग छापीहेड़ा थाना परिसर में रखी। इस मीटिंग में कई बिंदुओं पर चर्चाओं को विस्तार पूर्वक जाना। त्योहारों के पर्व पर शांति सद्भावनाएं बनाएं रखने के लिए अपील टीआई मीणा ने की तथा नगर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेंगे शांति समिति की बैठक में रमजान के महीने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा तथा सार्थक कार्यों को प्रेम भाव से गति दें। बैठक में थाना छापीहेड़ा टीआई हुकुम सिंह मीणा सब इंस्पेक्टर काशीराम मीणा तथा नपा अधिकारी श्री राम नागर नगर के समस्त पत्रकार एवं मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक बंटी भामी अमित झंझावात समाज सेवी मुकेश चैधरी राजेश टॉक शहिद भाई दीपक पुरोहित हजारीलाल वर्मा नगर के गणमान्य नागरिक एवं सनातन धर्म के वरिष्ठ जन इस बैठक में उपस्थित थे।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**खुजनेर।** आगामी होलिका दहन एवं रंगपंचमी सहित अन्य त्योहारों को लेकर थाना परिसर खुजनेर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ नगर के जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में नायब तहसीलदार ऋषभ परतेति, टीआई रवि ठाकुर जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी से अपील कि त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाया जाए। टीआई रवि ठाकुर ने कहा कि त्योहारों के दौरान हुड़दंग मचाने, कानून व्यवस्था भंग करने या माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अफवाहों से दूर रहने और आमजनों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।



### विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत वैज्ञानिक आविष्कार और नवाचार विषय पर व्याख्यान एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने की। उन्होंने वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर नवाचार और शोध के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विमल लोदवाल ने किया तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी के रूप में विज्ञान विषय के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

# महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य व छात्र कल्याण कार्यक्रम आयोजित




**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में आत्महत्या रोकथाम पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं चेतावनी संकेतों की पहचान विषय पर रसायनशास्त्र विभाग द्वारा यह आयोजन किया। जहां पर अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा ने करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच एवं जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण विकसित करते हैं। जिसमें कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं आत्महत्या से जुड़े संभावित चेतावनी संकेतों की पहचान हेतु प्रशिक्षित करना था।कार्यक्रम समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, कार्यक्रम प्रभारी भुवनेश कुमार गुप्ता, कनीज अंसारी ने विद्यार्थियों को अवसाद, सामाजिक अलगाव, व्यवहार में अचानक परिवर्तन, निराशा की भावना तथा आत्मघाती विचार जैसे संकेतों को समय रहते पहचानने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही सकारात्मक सोच, जीवन कौशल विकास, प्रभावी संवाद तथा आवश्यकता पड़ने पर परामर्श एवं सहायता प्राप्त करने के उपायों की जानकारी प्रदान की।

# एकादशी पर हुई भजन संध्या भक्ति में रमे श्रृद्धालु

## बिरजीपुरा हनुमान मंदिर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**राजगढ़।** फाल्गुनी एकादशी के अवसर पर शुक्रवार रात्रि स्थानीय बिरजीपुरा स्थित बड़े हनुमान मंदिर पर एक भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके साथ ही भगवान को 56 भोग की प्रसादी भी अर्पित की गई। मंदिर में पूजा-अर्चना उपरान्त स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्तिरस से सरोबार सुमधुर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामधुन लगी भक्ति संस्थान के कलाकारों द्वारा जीमो जी जीमो, भोग लगाओ 56 भोग त्यार जी जैसी प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पूर्व राजगढ़ के स्थानीय कलाकार हर्षित मेवाड़े द्वारा खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। गुलाब एवं विभिन्न फूलों से सजे दरबार में बाबा को बागा पहनाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। देर रात तक चली भजन संख्या में अनेकों श्रृद्धालु उपस्थित रहे। महाआरती उपरान्त सभी को छप्पन भोग की प्रसादी वितरित की गई।

### भैंसवामाता धाम पर लगेगा 2 दिवसीय राजगढ़ होली मेला



**राजगढ़।** रंगों के पर्व में आत्मनिर्भरता एवं स्वावलंबन का भाव समाहित करने मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में सारंगपुर क्षेत्र स्थित भैंसवामाता धाम परिसर में दो दिवसीय राजगढ़ होली मेले का आयोजन किया जा रहा है। मिशन के अधिकारियों ने बताया कि 1 एवं 2 मार्च को लगने वाले इस मेले में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा स्वयं के द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उक्त मेले के लिए समूह की महिलाओं द्वारा गाय माता के गोबर से निर्मित कई सामान बनाए जा रहे हैं। इसका प्रमुख उद्धेश्य होली पर्व में गोबर की महत्ता को प्रतिपादित करना है।

## भाजपा की जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में बोले प्रमुख वक्ता

# भाजपा परिवारवाद से ग्रसित नहीं बल्कि कार्यकर्ता आधारित पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़






भाजपा ही ऐसी राजनैतिक पार्टी है जो प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं का निर्माण कर उन्हें कुशल नेतृत्वकर्ता बनाती है। भाजपा जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जबकि अन्य दल परिवारवाद से ग्रसित हैं। उक्त बात शनिवार को होटल संस्कृति में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण महाअभियान को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी पंकज जोशी ने कही। उन्होंने आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल युग में कार्यकर्ताओं को तकनीकी ज्ञान होना अनिवार्य है। पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की एक निरंतर प्रक्रिया है। विचारों की मजबूती के लिए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण की धुरी अनुशासन और आत्मानुशासन है, जिसका प्रत्येक कार्यकर्ता को पालन करना चाहिए। कार्यकर्ताओं के समर्पण ने ही भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी और अजेय पार्टी बनाया है।

### समाज का निर्माण करती है भाजपा

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने पंच परिवर्तन विषय पर बोलते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि समाज निर्माण का संगठन है। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विचार रखे। जिला प्रशिक्षण प्रभारी जगदीश पवार ने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण के उद्देश्य, स्तर, विषय, समय-सीमा और संगठनात्मक योजना की तकनीकी जानकारी प्रदान की।

जिला संगठन प्रभारी धुरव नारायण सिंह ने कार्यशाला में कार्यकर्ताओं के निर्माण में प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और सभी से प्रत्येक सत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में सांसद रोडमल नागर, राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी अमर सिंह यादव, प्रशिक्षण सह-संयोजक मनोज हाड़ा ने निर्धारित विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, बद्रीलाल यादव, पुरसिंह पंवार, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोना सुस्तानी, दीपेंद्र सिंह चैहान, दिलबर यादव, केदार काका, ममता इंदौरिया, आनंद त्रिपाठी, जगदीश दास आदि उपस्थित रहे।